# ग्लोबल वार्मिंग से अस्तित्व को खतरा, हरित ऊर्जा ही विकल्प



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 22 अप्रैल।** विश्व पृथ्वी

**विश्व पृथ्वी दिवस पर हुई संगोष्ठी, किया पौधारोपण**

दिवस के अवसर पर बिस्मिल शिक्षा एवं जनकल्याण सेवा संस्थान द्वारा पृथ्वी हमारा साझा भविष्य विषय पर संगोष्ठी एवं पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण को लेकर नागरिकों ने बरगद, आम, पाखर और पीपल के पौधे लगाकर धरती को हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया।

संगोष्ठी में मुख्य वक्ता डॉ. नरेश सिंह सिकरवार ने कहा कि मानव द्वारा प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन, वनों की कटाई और जल संसाधनों का अत्यधिक उपयोग पृथ्वी के संतुलन को बिगाड़ रहा है। उन्होंने चेताया कि ग्लोबल वार्मिंग अब केवल पर्यावरणीय मुद्दा नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के अस्तित्व के लिए गंभीर खतरा बन चुकी है। पृथ्वी केवल वर्तमान पीढ़ी की संपत्ति नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की अमानत है।

इसलिए ग्रीन एनर्जी को अपनाना, वृक्षारोपण बढ़ाना और पर्यावरण संरक्षण को जीवनशैली का हिस्सा बनाना आवश्यक है। संगोष्ठी को डॉ. हरेन्द्र तोमर सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति**

कार्यक्रम में विमलेश यादव, रघुराज परमार, पहाड़गढ़ बीईओ रामावतार सिंह सिकरवार, सतंजय मिश्रा, जगदीश शर्मा, कमलेश शर्मा, रूपसिंह सिकरवार, राजेंद्र शर्मा, भारत सिंह, राकेश शर्मा सहित अनेक प्रबुद्ध नागरिक व शिक्षक उपस्थित रहे।

# रेत का अवैध परिवहन करते ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़े

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 22 अप्रैल।** अवैध खनन और रेत परिवहन पर लगाम कसने के लिए पुलिस द्वारा इन दिनों

**ड्राईवर गिरफ्तार, कैलारस पुलिस ने की कार्रवाई**

सख्त अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को कैलारस पुलिस ने चंबल नदी की रेत का अवैध रूप से परिवहन कर रहे एक ट्रेक्टर-ट्रॉली को जब्त किया। ड्राईवर को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया है।



कैलारस पुलिस ने 21 अप्रैल को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर चेकिंग अभियान चलाया। इस चंबल नदी की रेत से भरे ट्रेक्टर-ट्रॉली को अवैध रूप से परिवहन करते हुए पकड़ा गया। ट्रेक्टर का ड्राईवर प्रदीप पुत्र बैजनाथ रावत नि. मामचौन पहाड़गढ़ मौके पर खनिज के रॉयल्टी संबंधी दस्तावेज मौके पर प्रस्तुत नहीं कर सका। ट्रेक्टर-ट्रॉली को जब्त कर पुलिस ने ड्राईवर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मप्र खनिज अवैध परिवहन एवं भंडारण निवारण अधिनियम की धाराओं में अपराध दर्ज किया है। कार्रवाई में निरीक्षक सतेन्द्र सिंह कुशवाह, आर. धर्मेन्द्र सिंह, रवि यादव, पवन जाट, विजयपाल और विष्णु जाट शामिल थे।

## पोरसा में आज 6 घंटे बिजली सप्लाई बंद रहेगी

**मुरैना/पोरसा, 22 अप्रैल।** मप्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा आज 23 अप्रैल को शहर के 11 केवी सिटी-03 फीडर पर आवश्यक संधारण कार्य किया जाएगा। जिसकी वजह से सुबह 10. 30 बजे से शाम 4.30 बजे तक 6 घंटे विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी।

सहायक यंत्री इंद्रेश्वर सिंह ने बताया कि इस दौरान अटेर रोड, चित्र का पुरा, केजीएन गार्डन मोहल्ला, राठौर गली, मोहनपुरा, दीनदयाल नगर, खैरा पानी वाली टंकी, गोपालपुरा सहित आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

## जौरा में सुबह 6 से 9 बजे तक होगा विद्युत मेंटनेंस कार्य

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/जौरा, 22 अप्रैल।** भीषण गर्मी को देखते हुए विद्युत वितरण कंपनी जौरा ने मेंटेनेंस कार्य का समय बदल दिया है। अब नगर के विभिन्न फीडरों पर मरम्मत एवं रख-रखाव का कार्य प्रात: 6 बजे से 9 बजे तक किया जाएगा। इस दौरान नवोदय, जेल, फाटक एवं सिटी फीडरों पर क्रमवार मेंटेनेंस किया जाएगा।

विद्युत अधिकारियों के अनुसार तेज धूप और अत्यधिक तापमान के कारण दिन के समय पोल और उपकरण अत्यधिक गर्म हो जाते हैं, जिससे कर्मचारियों के लिए कार्य करना कठिन हो जाता है। ऐसे में सुबह के अपेक्षाकृत ठंडे समय में मेंटेनेंस कार्य करना अधिक सुरक्षित और प्रभावी रहेगा। सहायक यंत्री पीएस यादव एवं कनिष्ठ यंत्री मुकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि जिस फीडर पर जिस दिन मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा, उसकी सूचना पृथक रूप से जारी की जाएगी।

# किसानों ने दिया ज्ञापन, विद्युत बिलों में कटौती की मांग



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/पोरसा, 22 अप्रैल।** विद्युत बिलों में कथित अनियमितताओं को लेकर भारतीय किसान संघ ने गुरुवार को बिजली कंपनी के अधिकारियों के नाम सहायक यंत्री इंद्रेश्वर सिंह को ज्ञापन दिया। जिसमें किसानों ने कृषि पंपों के बढ़े हुए बिजली बिलों पर आपत्ति जताई।

ज्ञापन में किसानों ने कहा कि कृषि सिंचाई पंपों के बिजली बिल अत्यधिक बढ़ाकर दिए जा रहे हैं, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि इन बिलों में तत्काल सुधार किया जाए, ताकि किसानों को राहत मिल सके। किसान संघ के प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही बिलों में संशोधन नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

**ज्ञापन सौंपने वालों में यह रहे शामिल**

ज्ञापन सौंपने वालों में अशोक सिंह तोमर, श्रीकृष्ण सिंह तोमर, रामराज सिंह तोमर, कोमल सिंह, रामनरेश सिंह तोमर, मनवीर सिंह, सत्यवीर सिंह, हितेंद्र सिंह, सुखराम सहित अन्य किसान शामिल थे।

# धाकड़ समाज के विवाह सम्मेलन में 8 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/कैलारस, 22 अप्रैल।** जौही आश्रम ग्राम माधौगढ़ में धाकड़ समाज के दसवें सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन बुधवार को हुआ। इस अवसर पर 8 जोड़ों ने वैदिक रीति-रिवाजों से अग्नि के समक्ष सात फेरे लेकर दाम्पत्य जीवन में प्रवेश किया।

आयोजन समिति की ओर से नवविवाहित जोड़ों को विवाह प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। समाज के

**ग्राम माधौगढ़ के जौही आश्रम में हुआ आयोजन**

सहयोग से नव दंपतियों को गृहस्थी का सामान भी भेंट किया गया। आयोजन में माधौगढ़ सहित खेड़ाकलां, आसलपुर, बड़मन, खेड़ातोर, लुधाया सहित आसपास के गांवों से महिलाए पुरुष एवं बच्चों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

**आयोजन में इनकी रही उपस्थिति और सहभागिता**

आयोजन में किसान सभा के प्रदेशाध्यक्ष अशोक तिवारी, अमर सिंह धाकड़, धाकड़ महासभा के अध्यक्ष हाकिम सिंह धाकड़, मुरारीलाल धाकड़, गयाराम सिंह धाकड़, रामहेत सिंह धाकड़, सुनीता जितेंद्र जाटव, रामलखन धाकड़, बनवारीलाल धाकड़, मातादीन धाकड़, जगन्नाथ सिंह धाकड़, रघुवीर सिंह धाकड़ आदि आयोजन में उपस्थित रहे।

## एक नजर में



### पोषण पखवाड़ा : डीपीओ ने किया आंबा केन्द्रों का निरीक्षण

**मुरैना, 22 अप्रैल।** कलेक्टर के मार्गदर्शन में पोषण पखवाड़ा अभियान के तहत जिला कार्यक्रम अधिकारी ओपी पांडे द्वारा मुरैना ग्रामीण परियोजना के गोपियां पुरा आंगनबाड़ी केंद्र पर आयोजित गतिविधियों का अवलोकन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्र पर उपस्थित गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं किशोरियों के साथ सीधा संवाद स्थापित किया। इस दौरान आयरन फॉलिक एसिड के महत्व, शीघ्र पंजीयन की आवश्यकता तथा फॉलिक एसिड के स्वास्थ्य लाभों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसी क्रम में मंगल दिवस के अवसर पर 6 माह पूर्ण कर चुकी बालिका आयुषी का अन्नप्राशन संस्कार जिला कार्यक्रम अधिकारी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि 6 माह की आयु के पश्चात शिशु के संपूर्ण शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए माँ के दूध के साथ पोषणयुक्त पूरक आहार अत्यंत आवश्यक है। सुपरवाइजर कुसुम यादव द्वारा उपस्थित लाभार्थियों को पोषण परामर्श प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान अंतरा फाउंडेशन की प्रतिनिधि सुरम्या नायर द्वारा खेल आधारित गतिविधि के माध्यम से पौष्टिक एवं अपौष्टिक भोजन के बीच अंतर को सरल एवं रोचक ढंग से समझाया गया।

### छौंदा में बनेगा नया फायर स्टेशन, भूमि आरक्षण की प्रक्रिया शुरू

**मुरैना, 22 अप्रैल।** शहर में अग्निशमन व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से मौजा छौंदा में नए फायर स्टेशन के निर्माण की प्रक्रिया तेज हो गई है। इस संबंध में नगर पालिका निगम आयुक्त सतेन्द्र सिंह धाकरे द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है, जो वर्तमान में एसडीएम न्यायालय में विचाराधीन है। प्रस्ताव के अनुसार सर्वे क्रमांक 142, 143 और 145 की कुल 0 .59 आरे भूमि फायर स्टेशन के लिए आरक्षित किया जाना प्रस्तावित है। प्रशासन का मानना है कि इस स्थान पर फायर स्टेशन बनने से शहर और आसपास के क्षेत्रों में आपातकालीन सेवाएं और अधिक प्रभावी होंगी। अतिरिक्त तहसीलदार ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को प्रस्तावित भूमि आरक्षण पर आपत्ति है, तो वह 3 दिवस के भीतर न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से अपनी बात रख सकता है। समय सीमा के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा।



## कॉलेज प्रबंधन की मनमानी पर छात्र शक्ति भारी, झुका प्रबंधन

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 22 अप्रैल।** बानमोर स्थित श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेज के विद्यार्थियों ने बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों के साथ मिलकर

**अभाविप के बैनर तले श्रीराम कॉलेज में विद्यार्थियों का प्रदर्शन**

प्रबंधन की मनमानी के विरोध में कॉलेज परिसर में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन कर रहे अभाविप कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि कॉलेज प्रशासन विभिन्न कार्यक्रमों के नाम पर छात्रों से अनिवार्य रूप से रजिस्ट्रेशन शुल्क वसूल रहा था। कार्यक्रम में शामिल न होने पर भी छात्रों को शुल्क देने के लिए बाध्य किया जा रहा था। रजिस्ट्रेशन नहीं कराने वाले छात्रों के शिक्षण शुल्क में 1 हजार रूपये अतिरिक्त जोड़े जाने की चेतावनी दी जा रही थी। जिसे लेकर छात्रों में असंतोष व्याप्त था।

छात्रों के उग्र प्रदर्शन और बढ़ते विरोध को देखते हुए कॉलेज प्रशासन को आखिरकार झुकना पड़ा। प्रबंधन ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए विद्यार्थियों से माफी मांगी और तत्काल प्रभाव से संबंधित आदेश वापस लेने का लिखित आश्वासन दिया। जिसके बाद छात्रों का प्रदर्शन खत्म हो गया।

# सिटी मान्टेसरी स्कूल में मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 22 अप्रैल।** नैनागढ़ रोड स्थित सिटी मोंटेसरी स्कूल में कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के सम्मान में भव्य समारोह आयोजित

**बोर्ड परीक्षाओं में 90 फीसदी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण**

किया गया। कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

इस अवसर पर ायकर विभाग में ऑफिस सुपरिटेंडेंट पद पर चयनित हुए विद्यालय के पूर्व छात्र ऋषभ बंसल को भी सम्मानित किया गया। कक्षा 12वीं के परिणामों में नंदिनी मंगल ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। अंकित गुर्जर 93 प्रतिशत द्वितीय, हर्ष गोयल 92.8 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहें है। दसवीं बोर्ड परीक्षा में शिवालिका भदौरिया 93.2 प्रतिशत प्रथम, अंशिता बंसल और रिया शर्मा 92.8 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे एवं कुलदीप परमार 92.6 प्रतिशत अंक हासिल कर तीसरे स्थान पर रहे है। विद्यालय ने लगातार 35 वर्षों से उत्कृष्ट परिणाम देने की अपनी परंपरा को कायम रखा है। इस वर्ष भी 90 प्रतिशत छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए है। विद्यालय संचालक इंजीनियर मोहन बंसल एवं एडवोकेट अशोक सागर सहित समस्त शिक्षकगणों ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं की है।



# 3 माह की मासूम से दुष्कर्म के दोषी ताऊ को जीवन पर्यन्त कैद

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 22 अप्रैल।** मानवता को झकझोर देने वाले मामले में विशेष न्यायालय (पॉक्सो एक्ट) मुरैना ने कड़ा रुख अपनाते हुए 3

**विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट का फैसला, 20 हजार अर्थदण्ड**

माह की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी ताऊ को दोषी मानते हुए शेष प्राकृतिक जीवनकाल तक कारावास की सजा और 20 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया है।

मीडिया सेल प्रभारी (अभियोजन) रश्मि अग्रवाल ने बताया कि 30 दिसंबर 2025 को उत्तमपुरा मुरैना निवासी पीड़िता की मां ने थाना स्टेशन रोड पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि आरोपी राजू जाटव पुत्र भगवानदास जाटव जो रिश्ते में पीड़िता का ताऊ है, बच्ची को बहाने से अपने कमरे में ले गया। कुछ देर बाद बच्ची के रोने की आवाज सुनकर जब मां पहुंची, तो उसकी हालत गंभीर थी और उसके साथ दुष्कर्म किए जाने के संकेत मिले। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए। आरोपी के रक्त नमूने और पीड़िता से प्राप्त साक्ष्यों का डीएन, परीक्षण कराया गया। जिसकी रिपोर्ट आरोपी के खिलाफ मिली। अभियोजन द्वारा प्रस्तुत मौखिक, दस्तावेजी और वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराया। प्रकरण में प्रभारी उप संचालक (अभियोजन) रोशनलाल छापरिया के मार्गदर्शन में विशेष लोक अभियोजक इन्द्रेश कुमार प्रधान द्वारा प्रभावी पैरवी की गई।

**तेजी से हुई सुनवाई, तीन माह में फैसला**

इस संवेदनशील प्रकरण में पुलिस ने मात्र 15 दिनों में विवेचना पूरी कर न्यायालय में चालान पेश किया। वहीं न्यायालय ने भी प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई करते हुए करीब तीन माह में दोष सिद्ध का निर्णय सुनाया।

## परशुराम जन्मोत्सव : आज मुरैना में निकलेगा भव्य चल समारोह

**मुरैना, 22 अप्रैल।** ब्राह्मण समाज के आराध्य भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के मौके पर समस्त ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में आज 23 अप्रैल को मुरैना नगर में भव्य चल समारोह का आयोजन किया जाएगा। आयोजन के तहत 23 अप्रैल को दोपहर 2 बजे भगवान परशुराम मंदिर हड़बांसी से वाहन रैली प्रारंभ होगी। जो एनएच-552 से होकर मुरैना शहर स्थित अंबेडकर स्टेडियम पहुंचेगी। यहां से शाम 4 बजे भव्य चल समारोह शुरू होगा। जो एमएस रोड सहित शहर के मुख्य मार्गों से होकर बड़ोखर स्थित भगवान परशुराम मंदिर पहुंचेगा। जहां पूजा-अर्चना और आरती के बाद प्रसादी वितरण के साथ चल समारोह का समापन होगा।


**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

| | |
|---|---|
| **ई-निविदा सूचना संख्याः** झॉसी-इन्जी0-ई-2026-76 | **अनुमानित लागत** : ₹ 12170195.40 |
| **कार्य का नामः** इंस्पेक्शन एंड मेंटेनेंस ऑफ ट्रैक (न्यू डबल लाइन) बिटवीन टेहरका-मऊरानीपुर एंड कुलपहाड़-महोबा सेक्शन अंडर एडीईएन/महोबा फॉर 18 माह। | |
| **अमानत राशिः** ₹ 243400.00 | **निविदा बंद होने की तिथिः** 11.05.2026 at 15:00 hrs. |
| **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 18 माह | |

निविदा दिनांक 11.05.2026 को 15.00 बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। 847/26(DG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

उप मुख्य इंजीनियर/ गति शक्ति यूनिट, उ.म.रे, ग्वालियर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा (टू-पैकेट सिस्टम) ऑनलाइन (ई-टेंडरिंग) पद्धति से आमंत्रित की जाती है :-

| | |
|---|---|
| **कार्य का विवरणः** झांसी मण्डल ग्वालियर-धौलपुर रेल सेक्शन के समपार संख्या-437 कि.मी. 1243/7-9 पर RRU-BAO स्टेशन के बीच रेलवे उपरिगामी सेतु के निर्माण के संबंध में। | |
| **ई-टेंडर क्रमांकः** DYCEGSUGWL0926 | **अनुमानित लागतः** ₹ 41.27 Crore |
| **निविदा बंद होने की तिथिः** 09.05.2026 | **कार्य पूरा करने की अवधिः** 18 माह |

- ऑनलाइन निविदा दिनांक 09.05.2026 को 11:00 बजे तक जमा की जा सकती है।
- पूर्ण जानकारी तथा निविदा जमा करने के लिए कृपया भारतीय रेल की वेबसाईट www.ireps.gov.in देखें। 855/26(DG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in


# पिछोर विधायक की एसडीओपी पर टिप्पणी शर्मनाक : करणी सेना

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 22 अप्रैल।** क्षत्रिय करणी सेना ने पिछोर के भाजपा विधायक द्वारा प्रोबेशनर

**मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन, विधायक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग**

आईपीएस के साथ किए गए अभद्र व्यवहार और की गई टिप्पणी को शर्मनाक एवं अनुचित



बताया है। करणी सेना की ओर से बुधवार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें विधायक के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है। ज्ञापन क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय संरक्षक महेन्द्र सिंह सिकरवार के नेतृत्व में दिया गया।

ज्ञापन में कहा गया है कि विधायक द्वारा आईपीएस अधिकारी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी और सार्वजनिक रूप से धमकी देना न केवल अनुचित है, बल्कि प्रदेश की कानून.व्यवस्था के लिए गंभीर खतरे का संकेत भी है। करणी सेना ने मांग की है कि इस मामले में सख्त अनुशासनात्मक एवं कानूनी कार्रवाई की जाए। सरकारी अधिकारियों को निष्पक्ष और सुरक्षित वातावरण में कार्य करने की गारंटी दी जाए, ताकि वे बिना दबाव के अपनी जिम्मेदारियां निभा सकें। करणी सेना ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि इस मामले में त्वरित संज्ञान लेते हुए उचित कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## जौरा में ताईक्वांडो समर कैंप का आयोजन 25 से

**मुरैना/जौरा, 22 अप्रैल।** जिला ताइक्वांडो मार्शल आर्ट संगठन मुरैना एवं ताइक्वांडो सेल्फ डिफेंस एकेडमी जौरा के संयुक्त तत्वावधान में 25 अप्रैल से ताइक्वांडो समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप का उद्देश्य युवाओं और बच्चों को आत्मरक्षा के गुर सिखाना तथा उन्हें शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाना है। चीफ कोच एवं सेल्फडिफेंस स्पेशलिस्ट मास्टर राहुल गुप्ता ने बताया कि समर कैंप एसएएफ मैदान पर आयोजित होगा। प्रशिक्षण प्रतिदिन सुबह 6 बजे से 10 बजे तक चार अलग-अलग सत्रों में दिया जाएगा।